कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- { HYPERLINK "mailto:govtgirlspgcollege@gmail.com" }
Website: https://govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 10.05.2023

//प्रेस विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज में

विश्व रेडक्रॉस दिवस

शास. डॉ. वा.वा पाटणकर कन्या स्ना. महाविद्यालय में विश्व रेडक्रॉस दिवस का आयोजन किया गया।

विश्व रेडक्रॉस दिवस का उद्देश्य विश्व स्तर पर रेड क्रीसेट मूवमेन्ट द्वारा किए गए मानवीय कार्यों का सम्मान करना है ये संगठन के सिद्धांतों, मिशन और गतिविधियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने, संकट के समय में मानवता, करूण और एकजुटता के महत्प की याद दिलाता है। ये मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है।

प्रभारी प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने यूथ रेडक्रॉस समिति के वर्ष भर यूथ रेडक्रॉस गतिविधियों की जानकारी दी। टीम रेडक्रॉस ना सिर्फ महाविद्यालय स्तर पर परन्तु आस–पास के क्षेत्रों में भी अनेक उपयोगी कार्य करता है, जिसमें सौ आंगनबाड़ियों में निरंतर, मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य, आहार से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का संचालन साथ ही वृद्धा आश्रम एवं विशेष बच्चों के विद्यालयों में भी उपयोगी कौशल शिक्षण कार्यक्रम भी शामिल है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने बताया कि महाविद्यालय में रेडक्रॉस सेंटर संचालित है जहाँ नियमित रूप से स्थानीय चिकित्सक अपनी सेवायें प्रदान करते हैं साथ ही मानसिक स्वास्थ्य हेतु शासकीय काउन्सलर उपलब्ध है जो छात्राओं का मार्गदर्शन करती है।

यूथ रेडक्रॉस स्वयंसेवकों को रेड–टीशर्ट एवं कैप प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया जाता है। महाविद्यालय की सभी नियमित छात्राओं को मेडीकल कार्ड प्रदान किया गया है, जिसमें उनकी नियमित जाँच का रिकार्ड रखा जाता है।

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य सेवा वाहन द्वारा नियमित छात्राओं एवं स्टॉफ का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवायें प्रदान की जाती है।

महाविद्यालय का यूथ रेडक्रॉस अपने उत्कृष्ट कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पुरूस्कृत हुआ है। उन्होनें यूथ रेडक्रॉस स्वयं सेवकों को उनके निष्पक्ष एवं स्वैच्छिक सेवाओं के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर रेडक्रॉस के इतिहास, महत्व एवं सिद्धांतों की जानकारी प्रदान करने के लिए चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)